Title: Need to construct a rail under-bridge at Khariphatak road in Vidisha town of Madhya Pradesh

श्री शिवराज सिंह चौहान (विदिशा) : उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश स्थित मेरे संसदीय क्षेत्र विदिशा नगर के खरीफाटक रोड पर रेलवे गेट से बड़ी संख्या में वाहनों का आना-जाना होता है। कृषि उपज मंडी होने के कारण हजारों ट्रैक्टर तथा ट्राली भी इसी रास्ते से आते तथा जाते हैं। सभी महत्वपूर्ण विद्यालय यहां होने के कारण हजारों की संख्या में विद्यार्थियों का आवागमन भी इसी गेट से होता है, किन्तु रेलों के आवागमन के कारण यह गेट अधिकांश समय बन्द ही रहता है। इस कारण हजारों लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

यदि खरीफाटक रोड के पास ही एक अंडरब्रिज बना दिया जाये, जिसके लिए एक बार पहले सर्वे हुआ था तो इस असुविधा से जनता को बचाया जा सकता है। अंडरब्रिज के निर्माण के बाद रेलवे के इस गेट को बंद भी किया जा सकता है, जिसके कराण रेलवे पर आने वाला वित्तीय भार भी कम किया जा सकता है। इसलिए मेरा रेल मंत्री महोदय से निवेदन है कि उक्त स्थान पर अंडरब्रिज बनाने हेतु सभी औपचारिकताएं तत्काल पूर्ण करने का कट करें।